भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1831 का उत्तर

यात्री सुख-सुविधाएं

1831. श्री भगवंत खुबाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या रेलवे छोटे शहरों के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुख-सुविधाओं की मानक गुणवत्ता बनाए रखती है;**

(ख) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ग) **क्या रेलवे ने देश में समग्र रूप से यात्री सुख-सुविधाओं को सुधारने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है; और**

(घ) **यदि हां, तो विशेष रूप से बीदर और गुलबर्गा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

यात्री सुख-सुविधाओं के संबंध में 03.07.2019 को लोक सभा में श्री भगवंत खुबा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1831 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी हां। रेलवे स्टेशन को स्टेशन की आमदनी और स्टेशन पर जावक यात्रियों की आवाजाही के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। स्टेशन की कोटि के आधार पर और रेल मंत्रालय द्वारा जारी यात्री सुविधाओं से संबंधित व्यापक अनुदेशों में यथा निर्दिष्ट के अनुसार सभी स्टेशनों पर न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के लिए मानदंडों को सुनिश्चित किया जाता है।

(ग): रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में सुधार/संवर्धन एक सतत और चालू प्रक्रिया है और इस संबंध में निर्माण कार्य परस्पर प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकतानुसार किए जाते हैं। बड़ी लाइन पर सभी कोटि के स्टेशनों के लिए उपरि पैदल पुल और ऊंचाई वाले प्लेटफॉर्म को अब न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं में शामिल कर लिया गया है। प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने और उपरि पैदल पुल के प्रावधान को स्वीकृत और निष्पादित करते समय उच्चतर कोटि के स्टेशन को निम्नतर कोटि के स्टेशन की तुलना में प्राथमिकता दी जाती है।

(घ): बीदर रेलवे स्टेशन पर 'एनएसजी-4' कोटि के रेलवे स्टेशन के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के मानदंड़ों के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की गई हैं जैसे अमानती सामान घर, पूछताछ काउंटर, प्रकाश के साथ पार्किंग क्षेत्र, वाटर कूलर, प्रतीक्षालय, महिलाओं के लिए अलग प्रतीक्षालय, कंप्यूटर आधारित जन उद्घोषणा प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी सूचना बोर्ड और टच स्क्रीन पूछताछ प्रणाली आदि।

गुलबर्गा रेलवे स्टेशन पर `एनएसजी-3' कोटि के रेलवे स्टेशन के लिए मानदंडों के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की गई हैं जैसे विश्रामालय, अमानती सामान घर, पूछताछ काउंटर, प्रकाश के साथ पार्किंग क्षेत्र, वाटर वेंडिंग मशीन, वाटर कूलर, उपरि पैदल पुल, प्रतीक्षालय, महिलाओं के लिए अलग प्रतीक्षालय, कंप्यूटर आधारित जन उद्घोषणा प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी सूचना बोर्ड और टच स्क्रीन पूछताछ प्रणाली आदि।

****